## हिन्दी

**समय : 3 घंटे** **पूर्णांक : 80**

**निर्देश :**

**1. इस प्रश्न-पत्र के चार खंड हैं - क, ख, ग और घ।**

**2. चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।**

**3. यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमश: दीजिए।**

### खंड - क

प्रश्न 1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1 x 5 = 5

सुभाषचंद्र बोस बचपन से ही बड़े ही मेधावी और स्वाभिमानी थे। ऐंट्रेस की परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात वे कोलकाता के प्रेसीडेंसी कालेज में पढ़ने लगे। इस कालेज में भारतीय विद्यार्थियों को अंग्रेज़ अध्यापक और अंग्रेज़ विद्यार्थी तिरस्कार की दृष्टि से देखते थे। इसे सहन करना सुभाष के स्वभाव में न था। इसी कारण उन्होंने एक दिन अंग्रेज़ अध्यापक का अपमान कर दिया। इसलिए उन्हें कॉलेज से निकाल दिया गया। बाद में उन्हें कोलकाता विश्वविद्यालय में प्रवेश मिला। वहाँ से उन्होंने प्रथम श्रेणी में बी.ए. की परीक्षा उत्तीर्ण की।

(क) सुभाषचन्द्र बोस बचपन में कैसे थे?

(ख) अंग्रेज़ भारतीय विद्यार्थियों से कैसा व्यवहार करते थे?

(ग) सुभाषचंद्र ने बी.ए. की परीक्षा कहाँ से और किस श्रेणी में उत्तीर्ण की?

(घ) विद्यार्थी का समानार्थक शब्द लिखें।

(ङ) 'सम्मान' शब्द का विलोम शब्द अनुच्छेद से चुनकर लिखिए।

लिखिए : 1 x 5 = 5

मन मोहनी प्रकृति की गोद में जो बसा है।
सुख स्वर्ण-सा जहाँ है वह देश कौन-सा है।।
जिसका चरण निरन्तर रतनेश धो रहा है।
जिसका मुकुट हिमालय वह देश कौन-सा है।।
नदियाँ जहाँ सुधा की धारा बहा रही है।
सींचा हुआ सलोना वह देश कौन-सा है।।
जिसके बड़े रसीले फल कन्द नाज मेवे।
सब अंग में सजे हैं वह देश कौन-सा है।।

क) कवि के अनुसार 'रतनेश' किसको कहा गया है?

ख) यहाँ 'सब अंग में सजे हैं' का क्या आशय है?

ग) मुकुटरूपी क्या है?

घ) 'सुधा' का पर्यायवाची शब्द है।

ङ) 'रसीले' में प्रत्यय है।

## खंड - ख

प्रश्न 3. i) निम्नलिखित क्रियाओं से भाववाचक संज्ञाएँ बनाइए : 1 x 2 = 2

क) पूजना

ख) भूलना

ii) निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची लिखिए : 1 x 4 = 4

क) समुद्र

ख) चतुर

ग) सुंदर

घ) सिंह

iii) निम्नलिखित शब्दों में प्रत्यय पहचानिए : 1 x 2 = 2

क) ठंडा

ख) नमकीन

iv) निम्नलिखित अशुद्ध शब्दों को शुद्ध कीजिए : 1 x 2 = 2

क) स्वास्थ

ख) अरक्षण

v) निम्नलिखित वाक्यों में से निजवाचक सर्वनाम शब्द को रेखांकित कीजिए : 1 x 3 = 3

क) मैं अपने आप घर चली जाऊँगी।

ख) मैं आप ही बोले जा रहा हूँ।

ग) यह समस्या मैं स्वयं ही हल करूँगा।

vi) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए : 1 x 3 = 3

क) साकार

ख) चल

ग) जन्म

घ) धनी

vii) संधि विच्छेद कीजिए : 1 x 2 = 2

क) नायक

ख) संकल्प

viii) निम्नलिखित रेखांकित विशेषण शब्दों के भेद पहचानिए : 1x2=2

क) <u>बहुत से</u> आम नीचे गिर गए।

ख) <u>कोई</u> आदमी रो रहा है।

ix) नीचे दिए शब्दों में 'अप' उपसर्ग जोड़कर नए शब्द बनाइए : 1x2=2

क) व्यय

ख) कीर्ति

x) किन्हीं **तीन** मुहावरों के अर्थ लिखिए : 1 x 3 = 3

क) मैदान मारना

ख) श्री गणेश करना

ग) अंधे की लाठी

घ) कमर कसना

## खंड - ग

प्रश्न 4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 2 x 4 = 8

1. झाँसी की रानी के जीवन की कहानी अपने शब्दों में लिखो और यह भी बताओ कि उनका बचपन तुम्हारे बचपन से कैसे अलग था?
2. 'तुम्हें बताऊँगी कि हमारे समय और तुम्हारे समय में कितनी दूरी हो चुकी है। यह कहकर लेखिका क्या-क्या बताती हैं?

प्रश्न 5. किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर संक्षिप्त रूप में लिखो : 3 x 3 = 9

1. 'जिन लोगों के पास आँखें हैं, वे सचमुच बहुत कम देखते हैं'- हेलेन केलर को ऐसा क्यों लगता था?
2. हमारे यहाँ स्त्रियों के खास गीत कौन-कौन से हैं?
3. आश्रम में कॉलेज के छात्रों से गाँधी जी ने कौन-सा काम करवाया और क्यों?
4. बाँस से बनाई जाने वाली चीज़ों में सबसे आश्चर्यजनक चीज़ तुम्हें कौन सी लगी और क्यों?
5. पाठ में ऐसा क्यों कहा गया है कि अक्षरों के साथ एक नए युग की शुरुआत हुई?

क) काली घटा घिरने की बात क्यों कही गई है?
ख) कविता में सबसे छोटे होने की कल्पना क्यों की गई है?
ग) वन के मार्ग में सीता को होने वाली कठिनाइयों के बारे में लिखो।
घ) सीता की आतुरता देखकर राम की क्या प्रतिक्रिया होती है?

प्रश्न 7. किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए : 1 x 5 = 5

क) लक्ष्मीबाई की सगाई किस राजा से हुई?
ख) लेखिका किसके स्वर पर मुग्ध हो जाती है?
ग) कविता में सबसे छोटे होने की कल्पना क्यों की गई है?
घ) नारियों के गीतों की क्या विशेषता है?
ङ) गांधीजी के अनुसार नौकरों के प्रति हमारा व्यवहार कैसा होना चाहिए?
च) छोटू का परिवार कहाँ रहता था?
छ) 'जकाई' शब्द से आप क्या समझते हैं?

प्रश्न 8. दिए गए पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए : 1 x 5 = 5

उनमें हर प्रकार का काम करने की अद्भुत क्षमता थी। वह थकान का नाम भी नहीं जानते थे। दक्षिण अफ्रीका में बोअर-युद्ध के दौरान उन्होंने घायलों को स्ट्रेचर पर लादकर एक-एक दिन में पच्चीस-पच्चीस मील तक ढोया था। वह मीलों पैदल चल सकते थे। दक्षिण अफ्रीका में जब वे टॉलस्टॉय बाड़ी में रहते थे, तब पास के शहर में कोई काम होने पर दिन में अकसर बयालीस मील तक पैदल चलते थे।

1. गांधी जी में किस प्रकार की क्षमता थी?
   क) सभी प्रकार के कार्य करने की
   ख) अत्यधिक पैदल चलने की
   ग) दूसरों की भरपूर सेवा करने की
   घ) उपर्युक्त सभी

क) रशिया

ख) दक्षिण अफ्रीका

ग) फ़्रांस

घ) इनमें से कोई नहीं

3. घायल लोगों को अस्पताल पहुँचाने हेतु गांधीजी कितने मील तक स्ट्रेचर खींचते हुए पैदल चलते थे?

   क) पच्चीस  ख) पाँच  ग) तीन  घ) इनमें से कोई नहीं

4. गांधी जी दक्षिण अफ्रीका में कहाँ रहते थे?

   क) टॉलस्टॉय बाड़ी  ख) रॉय लैंड  ग) टोयेंतो  घ) गीसा

5. गांधी जी के घर से शहर कितनी दूर था?

   क) पच्चीस मील  ख) दो मील  ग) दस मील  घ) बयालीसमील

प्रश्न 9. दिए गए पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर छाँटकर लिखिए : 1 x 5 = 5

मैं सबसे छोटी होऊँ,
तेरी गोदी में सोऊँ,
तेरा अंचल पकड़-पकड़कर
फिरूँ सदा माँ ! तेरे साथ,
कभी न छोड़ूँ तेरा हाथ !
बड़ा बनाकर पहले हमको
तू पीछे छलती है मात !

1. इस कविता में कौन छोटे बने रहने की कामना कर रहा है?

   क) एक छोटी बच्ची  ख) लेखक  ग) युवान  घ) इनमें से कोई नहीं

क) स्कूल न जाने के लिए

ख) सदा माँ के साथ रहने के लिए

ग) मिठाई पाने के लिए

घ) आराम पाने के लिए

3. कवि ने ऐसा क्यों कहा - 'बड़ा बनाकर पहले हमको तू पीछे छलती है मात !'

   क) उससे दूर जाती है

   ख) उससे काम करवाती है

   ग) साथ माँगती है

   घ) उसे यह छल लगता है कि मन पहले पाल-पोसकर बड़ा करती है फिर साथ छोड़ देती है

4. सबसे छोटी होते हुए माँ से कौन-कौन से सुख प्राप्त होते हैं?

   क) माँ की गोद में सोना

   ख) माँ का आँचल पकड़ना

   ग) माँ के साथ घूमना

   घ) उपर्युक्त सभी

5. यहाँ कौन-सी भाषा का प्रयोग किया गया है?

   क) अवधी ख) खड़ी बोली ग) सरल हिन्दी घ) ब्रज

## खंड - घ

प्रश्न 10. सच्चा मित्र इस विषय पर अनुच्छेद लिखिए। 5

प्रश्न 11. आप अपने घर से दूर रहने आए है, अपनी माता को पत्र लिखकर छात्रावास के आपके अनुभव के बारे में लिखिए। 5

प्रश्न 12. दिए गए चित्र का वर्णन कीजिए। 5



## हिन्दी

**समय : 3 घंटे** **पूर्णांक : 80**

**निर्देश :**

**1. इस प्रश्न-पत्र के चार खंड हैं - क, ख, ग और घ।**

**2. चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।**

**3. यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमश: दीजिए।**

### खंड - क

प्रश्न 1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

1 x 5 = 5

सुभाषचंद्र बोस बचपन से ही बड़े ही मेधावी और स्वाभिमानी थे। ऐंट्रेस की परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात वे कोलकाता के प्रेसीडेंसी कालेज में पढ़ने लगे। इस कालेज में भारतीय विद्यार्थियों को अंग्रेज़ अध्यापक और अंग्रेज़ विद्यार्थी तिरस्कार की दृष्टि से देखते थे। इसे सहन करना सुभाष के स्वभाव में न था। इसी कारण उन्होंने एक दिन अंग्रेज़ अध्यापक का अपमान कर दिया। इसलिए उन्हें कॉलेज से निकाल दिया गया। बाद में उन्हें कोलकाता विश्वविद्यालय में प्रवेश मिला। वहाँ से उन्होंने प्रथम श्रेणी में बी.ए. की परीक्षा उत्तीर्ण की।

(क) सुभाषचन्द्र बोस बचपन में कैसे थे?

उत्तर : सुभाषचंद्र बोस बचपन से ही बड़े ही मेधावी और स्वाभिमानी थे।

(ख) अंग्रेज़ भारतीय विद्यार्थियों से कैसा व्यवहार करते थे?

उत्तर : अंग्रेज़ भारतीय विद्यार्थियों से अपमानजनक एवं दुर्भावनापूर्ण व्यवहार करते थे।

(ग) सुभाषचंद्र ने बी.ए. की परीक्षा कहाँ से और किस श्रेणी में उत्तीर्ण की?

उत्तर : सुभाषचंद्र ने बी. ए. की परीक्षा कोलकाता विश्वविद्यालय से प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की।

(घ) विद्यार्थी का समानार्थक शब्द लिखें।

उत्तर : छात्र

(ङ) 'सम्मान' शब्द का विलोम शब्द अनुच्छेद से चुनकर लिखिए।

उत्तर : अपमान

प्रश्न 2. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर, उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1 x 5 = 5

मन मोहनी प्रकृति की गोद में जो बसा है।
सुख स्वर्ण-सा जहाँ है वह देश कौन-सा है।।
जिसका चरण निरन्तर रतनेश धो रहा है।
जिसका मुकुट हिमालय वह देश कौन-सा है।।
नदियाँ जहाँ सुधा की धारा बहा रही है।
सींचा हुआ सलोना वह देश कौन-सा है।।
जिसके बड़े रसीले फल कन्द नाज मेवे।
सब अंग में सजे हैं वह देश कौन-सा है।।

क) कवि के अनुसार 'रतनेश' किसको कहा गया है?

उत्तर : कवि के अनुसार 'रतनेश' सागर को कहा गया है।

ख) यहाँ 'सब अंग में सजे हैं' का क्या आशय है?

उत्तर : यहाँ 'सब अंग में सजे हैं' का आशय देश के प्रत्येक भू–भाग की संपन्नता से है।

उत्तर : मुकुटरूपी हिमालय है।

घ) 'सुधा' का पर्यायवाची शब्द है।
उत्तर : सुधा - सोम, अमृत

ङ) 'रसीले' में प्रत्यय है।
उत्तर : ‘ईले’

## खंड - ख

प्रश्न 3. i) निम्नलिखित क्रियाओं से भाववाचक संज्ञाएँ बनाइए : 1 x 2 = 2

क) पूजना = पूजा
ख) भूलना = भूल

ii) निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची लिखिए : 1 x 4 = 4

क) समुद्र - रत्नाकर, जलधि
ख) चतुर - कुशल, होशियार
ग) सुंदर - चारु, मनोहर
घ) सिंह - केसरी, वनराज

iii) निम्नलिखित शब्दों में प्रत्यय पहचानिए : 1 x 2 = 2

क) ठंडा - आ
ख) नमकीन - ईन

iv) निम्नलिखित अशुद्ध शब्दों को शुद्ध कीजिए : 1 x 2 = 2

क) स्वास्थ - स्वास्थ्य
ख) अरक्षण - आरक्षण

v) निम्नलिखित वाक्यों में से निजवाचक सर्वनाम शब्द को रेखांकित कीजिए : 1 x 3 = 3

क) मैं <u>अपने आप</u> घर चली जाऊँगी।

ख) मैं <u>आप</u> ही बोले जा रहा हूँ।

ग) यह समस्या मैं <u>स्वयं</u> ही हल करूँगा।

vi) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए : 1 x 3 = 3

क) साकार x निराकार

ख) चल x अचल

ग) जन्म x मृत्यु

घ) धनी x निर्धन

vii) संधि विच्छेद कीजिए : 1 x 2 = 2

क) नायक - नै+अक

ख) संकल्प - सम+कल्प

viii) निम्नलिखित रेखांकित विशेषण शब्दों के भेद पहचानिए : 1x2=2

क) <u>बहुत से</u> आम नीचे गिर गए। - संख्यावाचक विशेषण

ख) <u>कोई</u> आदमी रो रहा है। - सार्वनामिक विशेषण

ix) नीचे दिए शब्दों में 'अप' उपसर्ग जोड़कर नए शब्द बनाइए : 1x2=2

क) व्यय - अप + व्यय - अपव्यय

ख) कीर्ति - अप + कीर्ति - अपकीर्ति

x) किन्हीं **तीन** मुहावरों के अर्थ लिखिए : 1 x 3 = 3

क) मैदान मारना - जीत जाना

ख) श्री गणेश करना - काम शुरु करना

ग) अंधे की लाठी - एकमात्र सहारा

घ) कमर कसना - तैयार होना

प्रश्न 4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 2 x 4 = 8

1. झाँसी की रानी के जीवन की कहानी अपने शब्दों में लिखो और यह भी बताओ कि उनका बचपन तुम्हारे बचपन से कैसे अलग था?

उत्तर : झाँसी की रानी का नाम लक्ष्मीबाई था। बचपन में उन्हें छबीली नाम से पुकारा करते थे। वे अपने पिता की एकलौती संतान थी। वे कानपूर के नाना साहेब की मुँहबोली बहन थी। लक्ष्मीबाई बचपन से ही वीर और साहसी थी। लक्ष्मीबाई का विवाह झाँसी के राजा गंगाधर राव से हुआ। परन्तु राजा की आकस्मिक मृत्यु से रानी के ऊपर संकटों के बादल लहराने लगे। अँग्रेज सरकार राजा की नि:संतानता का लाभ उठाकर झाँसी पर कब्ज़ा करना चाहते थे परन्तु रानी ने इसका पुरजोर विरोध किया और अंग्रेजों को कड़ी टक्कर दी।

लक्ष्मीबाई का बचपन अन्य बच्चों से भिन्न था। उनकी उम्र के बच्चे खिलौने से खेलते थे परन्तु उनके खिलौने बरछी, ढाल, कृपाण जैसे हथियार थे। वे बचपन से ही नकली युद्ध का खेल, शिकार करना, युद्ध के लिए चक्रव्यूह की रचना करना आदि युद्ध से संबंधित खेल ही खेला करती थी।

इस प्रकार उनका बचपन हम बच्चों से भिन्न था।

2. 'तुम्हें बताऊँगी कि हमारे समय और तुम्हारे समय में कितनी दूरी हो चुकी है। यह कहकर लेखिका क्या-क्या बताती हैं?

उत्तर : 'तुम्हें बताऊँगी कि हमारे समय और तुम्हारे समय में कितनी दूरी हो चुकी है। यह कहकर लेखिका बताती है कि उन दिनों मनोरंजन के लिए कुछ घरों में ग्रामोफोन थे परंतु उसके स्थान पर आज हर घर में रेडियो और टेलीविजन देखने मिलता है। कुलफ़ी की जगह आइसक्रीम ने ले ली है। कचौड़ी-समोसा पैटीज में बदल गया है। शहतूत और फ़ाल्से

है।

प्रश्न 5. किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर संक्षिप्त रूप में लिखो : 3 x 3 = 9

1. 'जिन लोगों के पास आँखें हैं, वे सचमुच बहुत कम देखते हैं'- हेलेन केलर को ऐसा क्यों लगता था?

   उत्तर : एक बार हेलेन केलर की प्रिय मित्र जंगल में घूमने गई थी। जब वह वापस लौटी तो हेलेन केलर ने उससे जंगल के बारे में जानना चाहा तो उसकी मित्र ने जवाब दिया कि कुछ खास नहीं तब उस समय हेलेन केलर को लगा कि सचमुच जिनके पास आँखें होती है वे बहुत ही कम देखते है।

2. हमारे यहाँ स्त्रियों के खास गीत कौन-कौन से हैं?

   उत्तर : हमारे यहाँ स्त्रियों के खास गीत सावन में गाए जाने वाले कजरी गीत, त्योहार, विवाह, जन्मोत्सव, प्रेमी-प्रेमिका को छेड़ने वाले छेड़छाड़भरे गीत, पनघट व नदियों के किनारे, खेतों में गाए जाने वाले आदि स्त्रियों के कुछ खास गीत हैं।

3. आश्रम में कॉलेज के छात्रों से गाँधी जी ने कौन-सा काम करवाया और क्यों?

   उत्तर : आश्रम में कॉलेज के छात्रों से गाँधी जी ने गेंहूँ बीनने का काम करवाया।

   एक बार गाँधी जी से मिलने के लिए कॉलेज के कुछ छात्र आए थे। उन सभी को अपने अंग्रेजी ज्ञान पर बड़ा गर्व था। बातचीत के दौरान छात्रों ने उनसे कार्य माँगा छात्रों को लगा कि गाँधी जी उन्हें पढ़ने-लिखने से संबंधित कोई कार्य देंगें गाँधी जी उनकी इस मंशा को भाँप गए और गाँधी जी ने छात्रों को गेंहूँ बीनने का कार्य सौंप दिया। वास्तव में इस कार्य द्वारा गाँधी जी छात्रों को समझाना चाहते थे कि कोई कार्य छोटा या बड़ा नहीं होता।

4. बाँस से बनाई जाने वाली चीज़ों में सबसे आश्चर्यजनक चीज़ तुम्हें कौन सी लगी और क्यों?

उत्तर : बाँस से बनाई जाने वाली चीज़ों में सबसे आश्चर्यजनक चीज़ मुझे मछली पकड़ने वाला जाल (जकाई) लगी। असम में जकाई नामक विशेष जाल से मछली पकड़ी जाती है और इसे बॉस से बनाया जाता है। इसकी शंकू जैसी विशेष बनावट के कारण ये आश्चर्यजनक लगता है।

5. पाठ में ऐसा क्यों कहा गया है कि अक्षरों के साथ एक नए युग की शुरुआत हुई?

उत्तर : अक्षरों के साथ एक नए युग की शुरुआत हुई क्योंकि आदमी अक्षरों की खोज से हम इतिहास को जान पाए। अक्षरों की खोज के बाद ही मनुष्य अपने विचारों को लिखकर रखने लगा। इस प्रकार, पीढ़ी के ज्ञान का इस्तेमाल दूसरी पीढ़ी करने लगी। अक्षरों की खोज मनुष्य को प्रगति के पथ पर ले गई।

प्रश्न 6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 4 x 2 = 8

क) काली घटा घिरने की बात क्यों कही गई है?

उत्तर : रानी लक्ष्मीबाई के पति गंगाधर राव की आकस्मिक मृत्यु हो जाने के कारण रानी के जीवन में काली घटा घिरने की बात की गई है। राजा की मृत्यु के कारण रानी असमय विधवा हो गई और साथ ही राजा की अपनी संतान न होने के कारण अंग्रेजों को झाँसी पर कब्ज़ा करने का मौका मिल गया।

ख) कविता में सबसे छोटे होने की कल्पना क्यों की गई है?

उत्तर : घर के सबसे छोटे सदस्य को घर के सभी लोगों का प्यार और दुलार सबसे अधिक मिलता है और खासकर माँ के

साथ तो उसका जुड़ाव कुछ ज्यादा ही होता है इसलिए कविता में सबसे छोटे होने की कल्पना की गई है।

ग) वन के मार्ग में सीता को होने वाली कठिनाइयों के बारे में लिखो।
उत्तर : वन के मार्ग में जाते हुए सीता थोड़ी ही देर में थक गई। उनके माथे से पसीना बहने लगा और होंठ सूख गए। वन के मार्ग में चलते-चलते उनके पैरों में काँटें चुभने लगे।

घ) सीता की आतुरता देखकर राम की क्या प्रतिक्रिया होती है?
उत्तर : सीता की आतुरता को देखकर श्रीराम व्याकुल हो उठते हैं। सीता की दशा उनसे देखी नहीं जाती। उनके आँखों से भी आँसू बहने लगते हैं। वे पछताने लगते हैं कि उनके कारण सीता की यह अवस्था हुई है।

प्रश्न 7. किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए : 1 x 5 = 5

क) लक्ष्मीबाई की सगाई किस राजा से हुई?
उत्तर : लक्ष्मीबाई की सगाई झाँसी के शासक गंगाधरराव से हुई।

ख) लेखिका किसके स्वर पर मुग्ध हो जाती है?
उत्तर : लेखिका चिड़िया के स्वर पर मुग्ध हो जाती है।

ग) कविता में सबसे छोटे होने की कल्पना क्यों की गई है?
उत्तर : छोटे बच्चे का माँ अधिक ध्यान रखती है और सबसे छोटे को माँ का प्यार अधिक मिलता है। इसलिए कविता में सबसे छोटे होने की कल्पना की गई है।

घ) नारियों के गीतों की क्या विशेषता है?
उत्तर : नारियों के गीतों की विशेषता है कि वह दल बाँधकर गाए जाते हैं।

ङ) गांधीजी के अनुसार नौकरों के प्रति हमारा व्यवहार कैसा होना चाहिए?

उत्तर : गांधीजी के अनुसार नौकरों के प्रति हमारा व्यवहार भाई जैसा होना चाहिए।

च) छोटू का परिवार कहाँ रहता था?

उत्तर : छोटू का परिवार जमीन के नीचे बसी कॉलोनी में रहता था।

छ) 'जकाई' शब्द से आप क्या समझते हैं?

उत्तर : 'जकाई' यानि मछली पकड़ने का जाल।

प्रश्न 8. दिए गए पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए : 1 x 5 = 5

उनमें हर प्रकार का काम करने की अद्भुत क्षमता थी। वह थकान का नाम भी नहीं जानते थे। दक्षिण अफ्रीका में बोअर-युद्ध के दौरान उन्होंने घायलों को स्ट्रेचर पर लादकर एक-एक दिन में पच्चीस-पच्चीस मील तक ढोया था। वह मीलों पैदल चल सकते थे। दक्षिण अफ्रीका में जब वे टॉलस्टॉय बाड़ी में रहते थे, तब पास के शहर में कोई काम होने पर दिन में अकसर बयालीस मील तक पैदल चलते थे।

1. गांधी जी में किस प्रकार की क्षमता थी?

क) सभी प्रकार के कार्य करने की

ख) अत्यधिक पैदल चलने की

ग) दूसरों की भरपूर सेवा करने की

घ) <u>उपर्युक्त सभी</u>

2. 'बोअर युद्ध' कहाँ हुआ?

क) रशिया

ख) <u>दक्षिण अफ्रीका</u>

3. घायल लोगों को अस्पताल पहुँचाने हेतु गांधीजी कितने मील तक स्ट्रेचर खींचते हुए पैदल चलते थे?
   क) <u>पच्चीस</u>  ख) पाँच  ग) तीन  घ) इनमें से कोई नहीं

4. गांधी जी दक्षिण अफ्रीका में कहाँ रहते थे?
   क) <u>टॉलस्टॉय बाड़ी</u>  ख) रॉय लैंड  ग) टोयेंतो  घ) गीसा

5. गांधी जी के घर से शहर कितनी दूर था?
   क) पच्चीस मील  ख) दो मील  ग) दस मील  घ) <u>बयालीसमील</u>

प्रश्न 9. दिए गए पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर छाँटकर लिखिए : 1 x 5 = 5

मैं सबसे छोटी होऊँ,
तेरी गोदी में सौऊँ,
तेरा अंचल पकड़-पकड़कर
फिरूँ सदा माँ ! तेरे साथ,
कभी न छोड़ूँ तेरा हाथ !
बड़ा बनाकर पहले हमको
तू पीछे छलती है मात !

1. इस कविता में कौन छोटे बने रहने की कामना कर रहा है?
   क) <u>एक छोटी बच्ची</u>  ख) लेखक  ग) युवान  घ) इनमें से कोई नहीं

2. सबसे छोटी होने की कामना क्यों की गई है?
   क) स्कूल न जाने के लिए
   ख) <u>सदा माँ के साथ रहने के लिए</u>
   ग) मिठाई पाने के लिए

मात !'

क) उससे दूर जाती है

ख) उससे काम करवाती है

ग) साथ माँगती है

घ) <u>उसे यह छल लगता है कि मन पहले पाल-पोसकर बड़ा करती है फिर साथ छोड़ देती है</u>

4. सबसे छोटी होते हुए माँ से कौन-कौन से सुख प्राप्त होते हैं?

क) माँ की गोद में सोना

ख) माँ का आँचल पकड़ना

ग) माँ के साथ घूमना

घ) <u>उपर्युक्त सभी</u>

5. यहाँ कौन-सी भाषा का प्रयोग किया गया है?

क) अवधी  ख) <u>खड़ी बोली</u>  ग) सरल हिन्दी  घ) ब्रज

## खंड - घ

प्रश्न 10. सच्चा मित्र इस विषय पर अनुच्छेद लिखिए। 5

सच्चा मित्र शिक्षक के समान होता है। जिस प्रकार शिक्षक अपने छात्रों को अच्छाई की ओर, सन्मार्ग की ओर ले जाता है, उसी प्रकार सच्चा मित्र भी पाप के गड्ढे में गिरने से, बुराई की ओर जाने से रोकता है। सच्चा मित्र खज़ाने की तरह है। जिसे जीवन में सच्चा मित्र मिल गया, उसे समझो बहुत बड़ा खजाना मिल गया। कभी कभी जीवन में ऐसे - जाता है अवसर भी आते हैं जब मनुष्य निराश हो, जीवन के प्रति उसका मोह खत्म हो जाता है। ऐसी अवस्था में सच्चा मित्र आशा की किरण बनकर, जीवन के प्रति आकर्षण पैदा करता है। मनुष्य के मन पर जितना प्रभाव मित्र का पड़ता है, उतना अन्य किसी का नहीं। जीवन में सच्चा मित्र मिलना सौभाग्य की बात है।

प्रश्न 11. आप अपने घर से दूर रहने आए है, अपनी माता को पत्र लिखकर छात्रावास के आपके अनुभव के बारे में लिखिए। 5

रामदेवी छात्रालय
सुभाष मार्ग
नागपुर।
22 फरवरी 20 ..

आदरणीय माताजी,
सादर प्रणाम।

मैं यहाँ ठीक हूँ। आशा करती हूँ, आप सब वहाँ सकुशल होगे।
आप सबको छोड़कर पहली बार अकेली रह रही हूँ। मुझे आप सभी की बहुत याद आती है। पहले दो-तीन दिन जरा भी मन नहीं लगा परंतु अब बहुत-सी लड़कियाँ मेरी सहेलियाँ बन गई है। यहाँ के शिक्षक भी बहुत अच्छे है। कपड़े धोना, बिस्तर लगाना, सभी वस्तुएँ ठीक जगह पर रखना मैं सीख रही हूँ। मैं यहाँ मन लगाकर पढ़ रही हूँ।
पिताजी को मेरा प्रणाम और छोटी को प्यार देना।

तुम्हारी लाड़ली
मीना

प्रश्न 12. दिए गए चित्र का वर्णन कीजिए। 5



उपर्युक्त चित्र में हमें एक रेलवे प्लेटफार्म नजर आ रहा है परंतु प्लेटफार्म पूरी तरह से जलमग्न हो चुका है। रेल की पटरी तक नजर नहीं आ रही हैं। लोग पानी में कहाँ खड़े हैं यह भी समझ नहीं आ रहा है क्योंकि पानी इतना ज्यादा है कि पूरा स्टेशन पानी से भर गया है। कुछ लोग छाता लेकर पटरियों को पार कर रहे हैं स्टेशन पर एक ट्रेन भी खड़ी है।